Live Hindustan

Nearly 10,000 candidates write Accounting Officer Examination

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से 25 सितंबर को लेखा पदाधिकारी की परीक्षा ली जाएगी। 100 पदों के लिए परीक्षा पटना के 25 केन्द्रों पर होगी।

आयोग की ओर से परीक्षा की तैयारी कर ली गयी है। परीक्षा केन्द्रों पर पाठ्य सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। परीक्षा दोपहर 12 से दो बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले रिपोर्ट करनी है। परीक्षा 100 पदों के लिए होगी। इसमें कम से कम दस हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। आयोग के सचिव प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि पीटी के लिए पूरी तैयारी हो गयी है।आयोग रद्द परीक्षा 13 नवम्बर को लेगीपटना। बिहार लोक सेवा आयोग की 56वीं से 59वीं के इतिहास के दूसरे पेपर की रद्द की गई मुख्य परीक्षा 13 नवम्बर को ली जाएगी। कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हुई परीक्षा में पेपर वन की जगह पेपर टू एक छात्र को दे दिया गया था। इसकी रिपोर्ट बहुत पहले ही सौंप दी गयी थी। उस वक्त परीक्षा को रद्द नहीं किया गया था। आयोग की कमेटी ने फैसला लेने के बाद परीक्षा को शुक्रवार को रद्द किया गया। इधर कई परीक्षार्थियों का कहना है कि आयोग को उसी दिन परीक्षा रद्द करनी चाहिए थी। सिर्फ जिस परीक्षा केन्द्र पर ऐसा हुआ था,उसी केन्द्र की परीक्षा रद्द करना चाहिए थी पर ऐसा नहीं किया गया। आयोग के सचिव प्रभात कुमार ने कहा कि परीक्षा 13 नवम्बर को होगी। इसके लिए डीएम को पत्र भेज दिया गया है।